महत्वपूर्ण एवं खास

किशोरी लापता,गुम इंसान का मामला दर्ज

रायपुर। घर से किशोरी के लापता हो जाने की रिपोर्ट पिता ने थाने में दर्ज करायी है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात ओरापी के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार हाउसिंगबोर्ड कालोनी ग्राम नरदहा विधानसभा थाना रायपुर निवासी पिता 31 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि नाबालिग बेटी 14 वर्ष 3 माह घर लापता है। पिता ने शंका जाहिर की हे कि किसी ने बेटी को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने गुम इंसान का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

साउथ बिहार एकसप्रेस 15 से 19 तक एक्स्ट्रा कोच के साथ चलेगी

रायपुर। दुर्ग से राजेन्द्र नगर व राजेन्द्र नगर से दुर्ग के मध्य फेरे लगाने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने यात्रियों को सुविधा देने के उद्देश्य से 15 से 19 मई तक इस ट्रेन में एक अतिरिक्त अस्थायी स्लीपर कोच लगाया जा रहा है।

इफ्तार के दौरान रोज लग रहा जाम

जगदलपुर। शहर के मेन रोड में हर रोज शाम को इफ्तार के दौरान जाम की स्थिति बन रही है। यहां सदर मस्जिद में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग इफ्तार और इसके बाद मगरिब की नमाज के लिए जुटते हैं। ऐसे में शाम को यहां हर रोज जाम की स्थिति बन रही है। ऐसे में अब आसपास के कारोबारी रोजाना शाम को कुछ देर के लिए यहां ट्रैफिक जवानों की तैनाती की मांग कर रहे है। दुकानदार कमल चांडक ने बताया कि इस संबंध में ट्रैफिक टीआई को भी बताया है पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

दो सड़क हादसों में दो की मौत

जगदलपुर। करपावंड थाना क्षेत्र के ग्राम मटनार और बेड़ागांव में अलग-अलग हादसे में एक नाबालिग व महिला समेत दो की मौत हो गई। एक की पिकअप के नीचे दबने से तो दूसरा हादसा तेज रफ्तार पिकअप के घर में घुस जाने से हुआ है। पुलिस के मुताबकि बेड़ागांव निवासी श्रीबती पटेल अपने आंगन में काम कर रही थी। इस दौरान चालक रमेश कुमार देवांगन ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पिकअप को श्रीबती पटेल के आंगन में घुसा दिया। पिकअप उनके शरीर के ऊपर चढ़ गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। तत्काल डायल 112 से बकावण्ड सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। दूसरा हादसा ग्राम मटनार में हुआ। इस गांव में रहने वाला जगन्नाथ शादी कार्यक्रम से टेट हाऊस का सामान लेकर पिकअप में सवार होकर घर लौट रहा था। इस पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाकर पिकअप को रोड़ किनारे पलटा दिया। जिसके नीचे दबने से जगन्नाथ की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने परिजनों को खबर दी। जिसके बाद उसका शव बाहर निकाला गया। हादसे के बाद चालक फरार है।

किशोरी लापता,गुम इंसान का मामला दर्ज

रायपुर। घर से किशोरी के लापता हो जाने की रिपोर्ट पिता ने थाने में दर्ज करायी है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात ओरापी के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार हाउसिंगबोर्ड कालोनी ग्राम नरदहा विधानसभा थाना रायपुर निवासी पिता 31 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि नाबालिग बेटी 14 वर्ष 3 माह घर लापता है। पिता ने शंका जाहिर की हे कि किसी ने बेटी को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया है।

दामाद ने सांस के सिर पर वार कर किया लहूलूहान,मामला दर्ज

रायपुर। पत्नी के साथ मारपीट कर सास के सिर पर लोहे के रिंग से वार कर दामाद के द्वारा घायल कर दिये जाने की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार इतवारी बाजार शीतला तालाब मुर्गीफार्म के पास बीरगांव निवासी सावित्री साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि श्यामू साहू दामाद बेटी तन्नू साहू से मारपीट करता देख बीच बचाव करने जाने पर प्रार्थिया को गाली-गलौज करते हुये डण्डें व लोहे की रिंग से मारकर सिर फोड़ दिया।

बविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं 11 जून से

जगदलपुर। बस्तर विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों और विवि की अध्ययन शालाओं में 11 जून से सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू होंगी। विश्वविद्यालय ने टाइम टेबल जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर टाइम टेबल देखे जा सकते हैं। इसके अलावा कॉलेजों और अध्ययनशाला के सूचना पटल पर भी टाइम टेबल चस्पा किए गए हैं। परीक्षा तय तिथियों पर सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक होगी।

अस्पतालों में दवा खरीदने फंड नहीं, बाजार से खरीद रहे मरीज

जगदलपुर। इस वर्ष लोकसभा चुनाव के पहले ही आचार संहिता लग जाने से स्वास्थ्य विभाग के पास आवश्यक दवाईयां व अन्य आवश्यक सामान खरीदने के लिए फंड नहीं प्राप्त हुआ। इसलिए अभी भी अस्पतालों से न तो मरीजों को दवाईयां व अन्य स्वास्थ्य सामग्री प्राप्त हो रही है और न ही उन्हें कहीं से कोई राहत मिल रही है। यह परेशानी मरीजों को पिछले दो माह से भुगतना पड़ रही है और अधिक दामों पर मेडिकल स्टोर्स से दवाईयां लेना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि सीजीएमएससी इस वर्ष के शुरूआत से ही कई आवश्यक दवाईयां नहीं सप्लाई कर रहा है। सामान्य रूप से बुखार, सिरदर्द सुगर आदि की दवाईयां तो बिल्कुल ही नहीं हुई हैं। जानकारी के अनुसार सीजीएमएससी के द्वारा दवाओं का स्टाक व खरीदी सभी आनलाईन की जाती है। लेकिन आचार संहिता लगने के कारण इसका भुगतान न होने से अभी खरीदी और सप्लाई नहीं हो पा रही है। मरीजों को दवाई की व्यवस्था के लिए सिविल सर्जन मेडिकल कॉलेज से दवायें देने की मांग की थी, उन्हें भी मांगी गई। दवाओं की सीमित मात्रा में ही प्राप्ति हुई जो समाप्त हो चुकी है।

इस संबंध में डॉ. विवेक जोशी सिविल सर्जन ने जानकारी दी कि सीजीएमएससी से दवाईयां प्राप्त नहीं हो पा रही हैं और स्वास्थ्य विभाग को फंड नहीं मिला है। अभी इसी स्थिति में कार्य चलाया जा रहा है। फंड मिलने के बाद दवाईयों की व्यवस्था होने की संभावना है।

सरकारी जमीन पर असामाजिक तत्वों की नजर

जगदलपुर। लोकमान्य तिलक वार्ड स्थित 8 डिसमिल जमीन पर असामाजिक तत्वों की नजर है। इस पर कब्जा करने की तैयारी कतिपय लोगों के द्वारा की जा रही है। इस भूमि को 40 साल पहले दान में सरकार को दिया गया था। यदि किसी सरकारी प्रयोजन के लिए इस भूखंड का इस्तेमाल हो तो बेहतर होगा। उक्त बातें बस्तर कलेक्टर को सौंपे गए एक आवेदन में चंदन देवनाथ ने लिखी हैं। उन्होंने बताया कि 40 साल पहले उनके परिवार ने इस भूखंड को पशु चिकित्सा विभाग को कृत्रिम गर्भाधान केंद्र संचालित करने के लिए दान में दिया गया था। अब चूंकि इस केंद्र को सरकार से जमीन एलॉट हो गई और स्वयं का भवन तैयार हो गया, लिहाजा भूखंड विभाग ने खाली कर दिया है।

दोपहर 12 से 03 बजे तक भारवाही पशुओं का उपयोग नहीं करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

धमतरी। जिले में भीषण गर्मी की वजह से दोपहर 12 से तीन बजे के बीच 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान लगातार बना रहता है। इस दौरान भारवाही पशुओं पर सामग्री रखकर, सवारी हेतु अथवा बैलगाड़ी, भैंसागाड़ी पर वजन ढोने के लिए उपयोग करने से पशु अधिक तापमान से बीमार हो सकते हैं अथवा 'लू' के कारण उनकी मृत्यु भी हो सकती है। इसके मद्देनजर कलेक्टर श्री रजत बंसल ने पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण 'परिवहन एवं कृषिक पशुओं' पर क्रूरता निवारण नियम 1965 के नियम 6 (3) के अनुसार धमतरी जिले की सीमा के अंतर्गत आगामी 30 जून तक दोपहर 12 से तीन बजे के बीच पशुओं का उपयोग प्रतिबंधित किए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों की कौशल परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची प्रकाशित

रायपुर। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर की रजिस्ट्री शाखा में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर की भर्ती के लिए कौशल परीक्षा हेतु पात्र उम्मीद्वार की सूची प्रकाशित कर दी गई है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर की रजिस्ट्री में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, सहायक ग्रेड-तीन (कम्प्यूटर) एवं सहायक ग्रेड-तीन के पदों हेतु व्यापम के माध्यम से विज्ञापन प्रकाशित कर आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। विज्ञापन की शर्तों के अनुसार व्यापम द्वारा उक्त पदों के लिखित परीक्षा परिणाम पश्चात् वर्गवार 1:10 के अनुपात में कौशल परीक्षा हेतु पात्र उम्मीद्वारों की सूची प्रकाशित किया गया है। पात्र उम्मीद्वारों की कौशल परीक्षा 12 मई से 16 मई 2019 तक छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी, उच्च न्यायालय परिसर, बोदरी, छतौनी रोड़, बिलासपुर (छ.ग.) में आयोजित की जाएगी। उक्त पदों की कौशल परीक्षा की परीक्षा पद्वति एवं परीक्षा की सूचना उच्च न्यायालय की वेबसाइट में अपलोड कर दिया गया है। पात्र अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र कौशल परीक्षा की तिथि के एक सप्ताह पूर्व उच्च न्यायालय की वेबसाइट में अपलोड कर दिया जावेगा। आवेदक अपना प्रवेश पत्र उच्च न्यायालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। जो अभ्यर्थी की कौशल परीक्षा के लिए अधिकृत प्रवेश पत्र होगा।

फोनी चक्रवात में फंसने के कारण छत्तीसगढ़ का युवा नहीं भर पाया जेईई एडवान्स का आवेदन

रायपुर। छत्तीसगढ़ का एक युवा पिछले सप्ताह फोनी चक्रवात से प्रभावित ओड़िशा के जगन्नाथ पुरी में फंसने कारण जेईई एडवान्स का ऑनलाइन आवेदन नहीं भर पाया। युवा ने पत्र लिखकर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से ओड़िशा के तूफनी फंसे युवाओं के लिए आवेदन की तारीख 9 मई को बढाकर 14 मई तक किए जाए के निर्णय से उसे भी फायदा दिलाने की गुहार लगाई। छत्तीसगढ़ के संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल तत्काल उसकी मदद के लिए केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर से दूरभाष पर बातचीत की और युवा द्वारा दो साल की मेहनत और उसके फोनी चक्रवात में फंसे होने के कारण उसी भी ऑनलाइन आवेदन 14 मई 2019 तक किए जाने हेतु मदद दिलाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस संबंध में केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री को अपना पत्र भी प्रेषित किया।

उल्लेखनीय है कि दुर्ग जिले के इस युवा ने कठिन मेहनत कर जेईई मेंन्स में 93.18 प्रतिशत प्राप्त किया है और इस कारण वह जेईई एड़वान्स परीक्षा में बैठने की योग्यता हासिल किया है। उसका सीबीएसई के 12वीं की परीक्षा में भी 83 प्रतिशत अंक आया है। इस युवा ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से गुहार लगाई की उसे आईआईटी, एनआईटी जैसे संस्थानों में प्रवेश हेतु परीक्षा में बैठने के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए ओड़िशा के फोनी तूफान से पीड़ित युआवों की तरह ऑनलाइन आवेदन की तिथि में छुट दी जाए।

बाजार में आ गया पका हुआ आम

जगदलपुर। बस्तर के हाट बाजारों में इन दिनों देशी पके आमों की आवक बढ़ गई है। बड़ा देशी आम जहां 60 रूपये प्रति किलो की दर से बिक रही है। वहीं छोटे पके आम 20 रूपये ढेरी के दर से बेचा जा रहा है। लोग बस्तर के देशी आम को बहुत पसंद करते हैं। बड़ी संख्या में लोग आम खरीदने इंद्रावती नदी किनारे डोंगाघाट अमराई भी पहुंचते हैं।

वहीं इन आमों को मेहमानों को भी भेंट किया जाता है। मुख्य मार्गों में भी ग्रामीण इसे रहे हैं।

रविवि के सेमेस्टर परीक्षाओं के घोषित रिजल्ट के मार्कशीट नहीं मिलने से छात्र हो रहे परेशान

▶ कई सेमेस्टर परीक्षा के रिजल्ट में अभी भी देरी

रायपुर। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुछ सेमेस्टर परीक्षाओं के रिजल्ट की घोषणा कर दी गई है, वहीं अभी भी कई सेमेस्टर परीक्षाओं के रिजल्ट में देरी है। रविवि द्वारा जिन सेमेस्टर परीक्षाओं के रिजल्ट की घोषणा की है उनके मार्कशीट अभी तक संबंधित कालेजों को उपलब्ध नहीं किया गया है। नियमानुसार रिजल्ट जारी होने के सप्ताहभर के अंदर मार्कशीट कॉलेजों तक पहुंच जाता है, लेकिन करीब माह भर पूर्व रिजल्ट जारी होने के बाद भी अभी तक कई कॉलेजों में मार्कशीट नहीं भेजा गया है। फलस्वरूप छात्र बहुत परेशान है। इधर जिन सेमेस्टर परीक्षाओं का अभी तक रिजल्ट घोषित नहीं किए गए है उनके छात्र भी रिजल्ट को लेकर परेशान हो रहे है। दिसंबर व जनवरी माह में आयोजित की गई सेमेस्टर परीक्षा के रिजल्ट वैसे तो 30 अप्रैल तक जारी कर देना चाहिए था। लेकिन अभी तक 12 से अधिक सेमेस्टर के रिजल्ट जारी होने बाकी है।

सूने मकान का ताला तोड़ चोरों ने 35 हजार नगदी सहित जेवरात किया पार

कोरबा। कटघोरा थाना अंतर्गत पूछापारा के एक सूने मकान पर चोरों ने धावा बोला। घर के दरवाजे पर लगे ताला को तोड़कर आलमारी में रखे 35 हजार नगदी समेत सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए। शादी समारोह में गए परिवार को पड़ोसी ने घर पर का ताला टूटने की खबर दी। इसके बाद परिवार के सदस्यों के घर पहुंचने पर घर में चोरी होने की जानकारी होने पर कटघोरा थाना में रिपोर्ट लिखवाई। मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज कर अज्ञात चोरों की पतासाजी शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पूछापारा में सरोजिनी साहू पिता नंदकुमार रहती है। मकान में ताला लगाकर 10 मई को परिवार सहित एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने बिलासपुर गई थी। घर पर कोई नहीं होने की भनक चोरों को लग गई और मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात समेत 35 हजार नगदी रकम को पार कर दिया। पड़ोसी ने घर का ताला टूटा हुआ देख सरोजिनी साहू को जानकारी दी। इसके बाद वह मौके पर पहुंची और घर के अंदर का नजारा देखा तो सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था।

नगदी रकम समेत जेवरात पार हो गए थे। सरोजिनी ने पुलिस को बताया कि आलमारी का लॉक तोड़कर चोरों ने सोने की नथनी, लॉकेट, चांदी का पायल समेत 35 हजार नगदी रकम चोरों ने पार किया है। कुल 60 हजार का माल पार हुआ है। प्रार्थिया के बयान के आधार पर पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 457, 380 भादवि के तहत कार्रवाई की है। इन दिनों विवाह का सीजन चल रहा है। कई बार मकान मालिक ताला लगाकर शादी समारोह में शामिल होने चले जाते हैं। इसी का फायदा चोर गिरोह के सदस्य उठाते हैं और सूने मकान पर धावा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। जरूरत है कि मकान मालिक घर को सूना न छोड़े।

छोटे पर्दे पर डांस रियलिटी शो से बतौर जज डेब्यू करेंगी बॉलिवुड ऐक्ट्रेस करीना कपूर खान!

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस करीना कपूर खान ने फिल्मों में अपनी अदायगी से लोगों के दिलों पर एक अलग ही छाप छोड़ी है। फिल्म कभी खुशी कभी गम में उनके पू के किरदार को तो लोग आज भी नहीं भूले हैं। ऐसे में एक बार फिर से करीना कुछ अलग करने को तैयार हैं। खबरें आ रही हैं कि जल्दी ही वह छोटे पर्दे पर डेब्यू करेंगी। हालांकि शो के नाम को लेकर फिलहाल किसी तरह का कोई बयान जारी नहीं हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक करीना कपूर खान डांस रियलिटी शो में बतौर जज नजर आएंगी। कहा जा रहा है कि इस शो की शूटिंग भी जून में शुरू हो जाएगी। हालांकि उसी समय करीना इरफान खान स्टारर फिल्म अंग्रेजी मीडियम की भी शूटिंग कर रही होंगी। ऐसे में उनके लिए इन दोनों ही प्रॉजेक्ट्स पर एक साथ काम करना बड़ा टास्क है। खबरों के मुताबिक करीना फेमस डांस शो नच बलिए के सीजन 9 का हिस्सा हो सकती हैं। बहरहाल करीना की तरफ से शो के नाम को लेकर कोई ऑफिशल बयान नहीं आया है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो करीना जल्दी ही गुड न्यूज में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार, दिलजीत दोसांझ और कियारा आडवाणी नजर आएंगी। इसके अलावा वह करण जौहर की मल्टीस्टारर फिल्म तख्त का भी हिस्सा हैं।

आयुष्मान की शुभ मंगल ज्यादा सावधान का दिलचस्प टीजर

बॉलिवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी हर फिल्म का पोस्टर बेहद दिलचस्प है। ड्रीमगर्ल, बाला, छोटी सी बात, आबरा का डाबरा, गुगली और शुभ मंगल ज्यादा सावधान, पिछले कई दिनों से वह अपनी हिट फिल्म शुभ मंगल सावधान के अगले भाग शुभ मंगल ज्यादा सावधान को लेकर खबरों में हैं। आयुष्मान जब भी पर्दे पर आते हैं तो कुछ नया और फ्रेश लेकर आते हैं। ऐसा ही नजर आ रहा है उनकी अगली फिल्म शुभ मंगल ज्यादा सावधान के टीजर में। फिल्म का टीजर सामने आ गया है, जिसमें बताया गया है कि प्यार की कुछ कहानियां परदे के पीछे ही रह गई, उनमे से एक कहानी इस फिल्म में दिखाई जाएगी।

रोजे के दौरान गर्मी और डिहाइड्रेशन से बचने के टिप्स

रमजान का पाक महीना शुरू हो गया है। एक महीने तक अब रोजा रखने वाले लोग पूरे दिन बिना कुछ खाए और बिना पानी पिए रहेंगे। 42-43 डिग्री की भीषण गर्मी के बीच दिन भर बिना पानी पिए रहना और साथ ही कामकाज भी करना। ऐसे में लू लगने और डिहाइड्रेशन का खतरा हो सकता है। लिहाजा कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है ताकि आपके रोजे हेल्दी तरीके से बीतें... डायटिशन डॉ. अनीता लाम्बा का कहना है कि गर्मी बहुत ज्यादा है। ऊपर से अधिकतर रोजेदार जब रोजा खोलते हैं तो जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं। यह सीधे आंत पर असर डालता है। बॉडी एक मशीन की तरह है। अगर पूरे दिन कुछ नहीं खाया है तो शाम को एक बार ही बहुत खाने पर बॉडी सही तरीके से प्रतिक्रिया नहीं देगी। इसलिए रोजा खोलते वक्त हल्का खाना खाएं। डिहाइड्रेशन से बचने के लिए रोजा खोलते वक्त सबसे पहले पानी पिएं। लेकिन सादा पानी पीने की बजाए नींबू पानी और नारियल पानी बेहतर विकल्प है। इफ्तार के वक्त रेड मीट न खाएं। इससे कलेस्ट्रॉल बढ़ता है, जो दिल के मरीजों की परेशानी बढ़ा सकता है। तड़के खाए जाने वाली सहरी को कभी न छोड़ें क्योंकि यह आपके लिए मुख्य भोजन है, जिस पर पूरा दिन आपका शरीर निर्भर रहता है। रात में भिगोकर रखे गए बादाम के साथ अपने दिन की शुरुआत करें और फिर फलों के साथ जूस या दूध का सेवन करें। तरबूज, खीरा, ककड़ी सहरी में जरूर खाएं। रोजा खोलने के लिए खजूर सबसे अच्छा माना जाता है।